# लोक शिक्षण संचालनालय
## छत्तीसगढ़

इन्द्रावती भवन, खण्ड-3, प्रथम तल, नवा रायपुर, अटल नगर
फोन नम्बर-0771&2331385,Email Id - cg.dpi.dir@gmail.com


क्रमांक/सतर्कता बी/ब.बाजार-भाटापारा/193/2025/840 नवा रायपुर, दिनांक 06/08/2025

//आदेश//

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लच्छनपुर वि.खं. पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में दिनांक 28.07.2025 को रसोईया द्वारा बनाये गये मध्यान्ह भोजन को आवारा कुत्ते द्वारा जूठा कर दिये जाने के बाद रसोईया एवं विद्यालय के प्रधान पाठक द्वारा जानबूझकर बच्चों को भोजन परोसे जाने एवं समाचार चैनलों के माध्यम से 84 बच्चों को मध्यान्ह भोजन सेवन पश्चात गुपचुप तरीके से एंटी-रैबीज टीका लगवाये जाने की घटना के संबंध में कलेक्टर जिला बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा प्रेषित प्रतिवेदन में श्री संतोष कुमार साहू, प्रभारी प्राचार्य (मूल पद व्याख्याता एल.बी.) शासकीय उ.मा.वि.लच्छनपुर वि.खं.पलारी को उक्त घटना को शाला के शिक्षकों, संकुल समन्वयक के साथ मिलकर दबाने का कार्य किये जाने में संलिप्त होना पाये जाने से प्रथम दृष्टया दोषी है।

2- श्री संतोष कुमार साहू प्रभारी प्राचार्य (मूल पद व्याख्याता एल.बी.) का उक्त कृत्य पदीय उत्तरदायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही एवं अनुशासनहीनता है जो कि छ.ग.सिविल सेवा (आचरण) नियम,1965 के नियम-3(1) (एक),(दो),(तीन) एव 3(2) का स्पष्ट उल्लंघन है।

3- अतएव श्री संतोष कुमार साहू, प्रभारी प्राचार्य(मूल पद व्याख्याता एल.बी.), शासकीय.उ.मा.वि.लच्छनपुर वि.खं.पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा को छ.ग.सिविल सेवा(वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम 9(1)(क) के प्रावधान अनुसार तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है।

4- निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय विकास खंड शिक्षा अधिकारी पलारी नियत किया किया जाता है । निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

Digitally signed by
RITURAJ RAGHUVANSHI
Date: 06-08-2025
14:54:28

संचालक
लोक शिक्षण छत्तीसगढ़

पृष्ठां.क्र./सतर्कता/बी/ब.बाजार-भाटापारा/193/2025/841 नवा रायपुर, दिनांक 06/08/2025

प्रतिलिपिः-

1/ सचिव, छत्तीसगढ़ शासन सकूल शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर।

2/ संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग रायपुर ।

3/ कलेक्टर जिला बलादाबाजार-भाटापारा।

4/ जिला शिक्षा अधिकारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा।

5/ विकास खंड शिक्षा अधिकारी, पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा।

6/ प्राचार्य, शासकीय उ.मा.वि.लच्छनपुर वि.खं.पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा।

को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

7/ श्री संतोष कुमार साहू, व्याख्याता एल.बी. शास.उ.मा.वि.लच्छनपुर वि.खं.पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा को सूचनार्थ प्रेषित।

Digitally signed by
Ashok Narayan Banjara
Date: 06-08-2025
15:27:08

उप संचालक
लोक शिक्षण छत्तीसगढ़